ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 24-09-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-09-24 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-09-25	2021-09-26	2021-09-27	2021-09-28	2021-09-29
वर्षा (मिमी)	2.0	1.0	1.0	2.0	5.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	34.0	34.0	33.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	25.0	25.0	24.0	23.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	75	70	70	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	60	55	55	55
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	8.0	10.0	10.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	140	140	140	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	1	4	7	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (17 – 23 सितम्बर , 2021) में 7.8 मिमी वर्षा होने व आसमान मे मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 29.0 से 33.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 23.9 से 25.3 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 86 से 92 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 58 से 68 प्रतिशत एवं हवा 1.4 से 4.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली।आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की बारिश हो सकती है तथा आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 32.0 से 34.0 व 23.0 से 25.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 8.0-10.0 किमी/घंटे की गति से दक्षिण-पूर्व से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 29 सितम्बर से 5 अक्टूबर के दौरान राज्य में वर्षा व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक तथा अधिकतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.35-0.55 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई परिपक्क फसलों की कटाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की बारिश हो सकती है तथा आमतौर पर मौसम साफ रहेगा| यदि फसलों पर रोग/कीटों की संख्याअधिक हो, तो किसान भाई संस्तुत अनुसार रसायनों का छिड़काव कर सकते है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
अरहर (लाल चना/ अरहर)	अरहर की फसल में ब्लिस्टर बीटल फूलों का भक्षण कर रहे हैं। इसके नियंत्रण के लिए मोनोक्रोटोफॉस 36 एस एल का 1 लीटर/हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
चावल	धान की फसल में रोपाई के 50 दिनों के बाद,पीला तना छेदक को नियंत्रित करने के लिए क्लोरेंट्रोनिलिप्रोल 20 एससी कोरोजन का 150 मिली/ हेक्टेयर या फाइप्रोनिल 5 एससी का 1000 मिली / हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। किसान भाई रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें।
अदरक	अदरक में गट्ठी सड़न रोग होने पर, 1 ग्राम कार्बेंडाज़िम, 2 ग्राम मैनकोज़ेब, 1 मिली क्लोरोपायरीफॉस और 500 पीपीएम स्ट्रेप्टोमाइसिन सल्फेट का प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर ड्रेंचिंग अथवा अच्छी तरह से छिड़काव करें। क्षतिग्रस्त पौधो को उखाड़कर नष्ट कर लें एवं उस स्थान पर भी घोल से अच्छी तरह उपचारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
अरबी	अरबी की फसल में माहू के नियंत्रण हेतु, एक्टारा 25 डब्ल्यू डी जी 100 ग्राम/ 500 लीटर पानी /हैक्टेयर का छिड़काव करें। अरबी में फैटाथोरा ब्लाइट का प्रकोप होने पर, रिडोमिल एम जेड का 2 ग्राम/ली पानी की दर से जड़ो की सिंचाई करें। इसी का पत्तियों पर भी छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	जिन पशुओं में एफ0एम0डी0 (मुखपका खुरपका) रोग के टीके नही लगें है उन पशुओं में तत्काल टीकाकरण करा लें। ताकि आपका पशुधन स्वस्थ रहे और उस से सही उत्पादन प्राप्त हो सके।